उड़ीसा के शिक्षा मंत्री ने दिए सामान बेचने के टिप्स

गुड़गांव | कार्यालय संवाददाता

उड़ीसा के शिक्षा मंत्री ने रविवार को गुड़गांव के स्कूलों का दौरा किया। इस दौरान मंत्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुशांत लोक पहुंचे और छात्रों से सीधे रूबरू हुए। मंत्री ने छात्रों से सवाल-जवाब किया और उन्हें सामान बेचने के टिप्स दिए।

उड़ीसा सरकार अपने स्कूलों में वोकेशनल कोर्स शुरू करना चाहती है। इससे पहले मंत्री हरियाणा के स्कूल में चल रहे वोकेशनल कोर्स की जानकारी ले रहे हैं। सोमवार को वह कुरुक्षेत्र जिले का दौरान करेंगे।

उड़ीसा के शिक्षा मंत्री देवी प्रसाद मिश्र और हरियाणा एनवीईक्यूएफ के अतिरिक्त निदेशक केके अग्निहोत्री रविवार को पहले सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल जैकमपुरा पहुंचे। मंत्री का स्वागत बीईओ गुड़गांव कैप्टन इंदू बोकन और प्रिंसिपल शील कुमारी ने किया। इस दौरान डीईओ मनोज कौशिक, डीपीसी ज्ञानवती, एससीईआरटी में वोकेशनल कोर्स के प्रभारी नरेन्द्र डबास, अमरीश, अशोक कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे। अधिकारियों ने मंत्री को वोकेशनल कोर्स से संबंधित पूरी जानकारी दी। मंत्री ने स्कूल में चल रहे ब्यूटी एंड वेलनेस और पेशेंट केयर के छात्रों से सवाल-जवाब किए।

उड़ीसा के शिक्षा मंत्री रविवार को सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुशांत लोक पहुंचे, मंत्री को वोकेशनल कोर्स से संबंधित पूरी जानकारी देते स्कूल के अधिकारी। • हिन्दुस्तान

उड़ीसा कर रहा है अध्ययन : हरियाणा में वर्ष 2012 में चार वोकेशनल कोर्स की शुरुआत प्रदेश के मात्र 40 स्कूलों से शुरू की गई थी। कई छात्रों को स्कूली स्तर पर ही रोजगार मिले। अब उड़ीसा सरकार अपने यहां शुरू करने से पहले हरियाणा में पहले से चले रहे प्रोजेक्ट के प्रारूप का अध्ययन कर रही है। इससे पहले सर्वशिक्षा अभियान उड़ीसा के एसपीडी ने हरियाणा का दौरा कर जानकारी ली थी। कुछ दिन बाद महाराष्ट्र का एक दल हरियाणा इसी सिलसिले में आ रहा है।